Patrika (Indore), 22nd September 2022, Page – 06

हमारे पास बड़ी आबादी और महान आर्थिक शक्ति में बदलने की क्षमता- राजदूत मंजीव

पत्रिका plus रिपोर्टर

इंदौर. देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष के अवसर पर इंडिया @ 75 विदेश नीति विशिष्ट पर बुधवार को आइआइटी में व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें भारत सरकार के तत्वावधान में पूर्व राजदूत मंजीव सिंह पुरी ने इंडियास ट्रायस्ट विथ ग्लोबल डेस्टनी विषय पर जानकारी दी। राजदूत पुरी ने कहां कि सभी युवा पीढ़ी के छात्रों को पता होना चाहिए कि भारत किस अंतर्राष्ट्रीय स्थिति में है। इससे सभी देशवासियों को हमारे देश के अतीत और भविष्य से जुडने में मदद मिलेगी। हमारे पास एक बड़ी आबादी है, हमारे पास भारत को महान सामाजिक-आर्थिक शक्ति में बदलने की क्षमता है। भारत जिस गति से आगे बढ़ रहा है, 2024 तक देश महान आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा। इस दौरान निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा कि विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के क्षेत्र में ऐसे दिग्गजों द्वारा निरंतर ज्ञान साझा करने की आवश्यकता हैं।

इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय संबंध के कार्यवाहक डीन प्रो. रघुनाथ साहू मौजूद रहे। बता दें राजदूत पुरी सेवानिवृत्त भारतीय राजनयिक हैं और उन्होंने यूरोपीय संघ, बेल्जियम, लक्जमबर्ग, नेपाल में भारत के राजदूत और संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत के रूप में कार्य किया है।